# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# अकबरपुर, अम्बेडकर नगर।

## वार्षिक आख्या (इकाई एक)
## सत्र: 2022–23

कार्यालय प्राचार्य
रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अकबरपुर, अम्बेडकर नगर पिन–224122
उत्तर प्रदेश भारत
(डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध)

Office of Principal
Ramabai Government Women PG College
Akbarpur Ambedkar Nagar
Pin-224122 Uttar Pradesh India
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avad University, Ayodhya)
www.rgwpgc.org Phone No.05271-244197
email-principalrgwpgc@gmail.com
NAAC ACCREDITED-GRADE-B (2017-22)

पत्रांकः / Letter No: दिनांकः / Date: 11/04/2023

# राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र : 2022–23

## आलेख

डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयाँ स्वीकृत की गयी हैं। इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी के पद पर डॉ० भानु प्रताप राय एवं इकाई द्वितीय के कार्यक्रमाधिकारी के पद पर डॉ० सीमा यादव कार्यरत हैं। प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यगणों के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम के अन्तर्गत इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में 49 घण्टे एवं चयनित किये गये दोनों ग्रामों बरवा नासिरपुर एवं सुड़ारी में क्रमशः 71–71 घण्टे अर्थात् कुल 120 घण्टे कार्य सम्पादित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के विशेष शिविर का आयोजन 22 मार्च से 28 मार्च 2023 के मध्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन श्री दुखराम कन्नौजिया ग्राम प्रधान अफजलपुर (सुड़ारी) अम्बेडकर नगर के कर कमलों द्वारा तथा समापन माननीया प्राचार्य महोदया जी के द्वारा किया गया।

**सामान्य कार्यक्रम के दौरान सम्पादित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है –**

01– 15 अगस्त, 2022 को स्वतत्रंता दिवस के सुअवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा श्रमदान, वृक्षारोपण तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रहित में आगे आने का आवाह्न करते हुए कहा कि आज की सदी में देश को देशभक्त की ज्यादा जरूरत है। आज स्वतंत्रता के लिए नहीं अपितु देश के भीतर की समस्याओं जैसे आतंकवाद एंव भ्रष्टाचार आदि के लिए लड़ना है। संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

02– 24 सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। दोनों इकाईयों की छात्राओं ने राष्ट्र सेवा का संकल्प भी लिया।

03– 30 सितम्बर 2022 उ०प्र०शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों की छात्राओं द्वारा "लैंगिक संवेदनशीलता और जल प्रबंधन" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साथ ही "महिला और स्वास्थ्य" विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

04– 02 अक्टूबर, 2022 को अभिग्रहीत ग्रामों में गॉधी जी की जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने रामधुन का पाठ करते हुए मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह व महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण प्रो0 अरविन्द कुमार वर्मा, प्रो0 सुधा, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, श्री रवीन्द्र कुमार वर्मा, श्री कुँवर संजय भारती, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव दोनों कार्यक्रम अधिकारीगण एवं छात्राओं ने वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया।

05– 15 अक्टूबर, 2022 "विश्व हाथ धुलाई दिवस" के अवसर पर चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता एंव कोविड–19 के प्रति जानकारी व जागरूकता का प्रशिक्षण दिया। साथ ही ग्रामीणों में साबुन एवं मास्क का वितरण भी छात्राओं द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त "सिंगल यूज प्लास्टिक" के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी।

06– 18 अक्टबूर, 2022 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कर सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछडे हुए ग्रामवासियों को अपनी सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से ऊपर उठने के कई बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

07– 31 अक्टूबर, 2022 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के मध्य निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को शपथ ग्रहण भी कराया गया।

08– 14 नवम्बर, 2022 को "बाल दिवस" के अवसर पर बाल विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल स्वास्थ्य से सम्बन्धित तमाम जानकारियाँ ग्रामवासियों को दी गयी।

09– 18 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों द्वारा अभिग्रहीत ग्रामों में मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभियान चलाया गया।

10– 25 नवम्बर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत दोनों कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम निबन्ध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों को राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे के प्रति जागरूक किया।

11– 28 नवम्बर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं को प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण भी मौजूद रहें साथ ही छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पार्कों का सौन्दर्यीकरण भी किया गया।

12– 01 दिसम्बर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत एड्स दिवस के अवसर पर दोनों कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में एड्स जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के सभागार में जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ० अजीत प्रताप सिंह, प्रो० अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ० विजय प्रकाश सिंह, डॉ० महेन्द्र यादव, श्री चन्द्रभान, डॉ० राजेश यादव आदि प्रवक्तागणों ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

13– 04 दिसम्बर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा चयनित ग्रामों में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया।

14– 10 दिसम्बर, 2022 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो द्वारा प्राचार्य की अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस पर रैली एवं भारत में मानवाधिकार संकट विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने मानवाधिकार की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ० सीमा यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो० अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ० अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, श्री चन्द्रभान, डॉ० राजेश यादव, डॉ० विजय प्रकाश सिंह, प्रो० विश्वनाथ द्विवेदी , सुश्री सीता पाण्डेय, डॉ० महेन्द्र यादव, डॉ० अजीत प्रताप सिंह, प्रो० सुधा, डॉ० पूनम, श्रीमती संगीता, श्री रवीन्द्र कुमार वर्मा, श्री कृष्ण कुमार विश्वकर्मा आदि प्राध्यापकगणों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके पश्चात् छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया।

15– 25 दिसम्बर 2022 को "अटल जयन्ती" के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के दिशा निर्देशन में छात्राओं के मध्य निबन्ध, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने अटलजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं ने भी अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

16– 08 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर महिलाओं के बीच बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि रोजगारपरक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया। रोजगारपरक कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुआ।

17– 12 जनवरी 2023 को युवा सप्ताह पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं नारा लेखन, निबन्ध लेखन, रंगोली, पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को रेखांकित करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रमाधिकारी द्वय के निर्देशन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में प्रो० अरविन्द कुमार वर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का संचालन डॉ० सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युवा आने वाले देश का भविष्य हैं इसलिए इसे अपने अधिकारों के प्रति एवं देश के विकास के लिए सजग रहने की आवश्यकता है, ये युवा शक्ति ही इस देश के विकास को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकती हैं।

18– 15 जनवरी 2023 को महाविद्यालय परिसर में युवा सप्ताह पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने श्रम दान किया एवं इस अवसर पर स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया।

19– 23 जनवरी, 2023 "सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती" के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

20– 25 जनवरी, 2023 एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं छात्राओं को प्राचार्या जी द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात् दोनों कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में इकाई एक व दो छात्राओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाता को लोकतंत्र मे शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 02:00 बजे "**Main Bharat Hoon**" मतदाता जागरूकता गीत का प्रसारण छात्राओं तथा महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के मध्य किया गया। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से 13वें मतदाता राष्ट्रीय दिवस की थीम "**Nothing like Voting, I vote for sure**" पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा चयनित ग्रामों में नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया।

21– 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयोजित संगोष्ठी प्राचार्य जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें राष्ट्र निर्माण में बाधक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

22– 05 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।

23– 16 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक, लोकनृत्य, गीत, आदि कार्यक्रम को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम दोनों कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

24– 20 फरवरी, 2023 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा ग्रामीणों में स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही ग्रामीणों को कोविड–19 से बचाव के बारे में बताया गया।

25– 05 मार्च, 2023 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं के मध्य सांस्कृतिक एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

26– 08 मार्च, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

27– 09 मार्च, 2023 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना पार्क की सफाई का कार्य सम्पादित किया। सफाई के उपरान्त पेड़–पौधों को जल से सींचा तथा गोबर की खाद डाली।

28– 31 मार्च, 2023 को अभिग्रहीत ग्रामों में छात्राओं द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दौरान किये गये जागरूकता कार्यक्रमों का कैम्प के पश्चात् सर्वेक्षण किया गया।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरणानुसार 2022–23 में गठित दोनों इकाईयाँ राष्ट्रीय सेवा योजना के बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति में वर्ष पर्यन्त कार्यरत रही। सात दिवसीय विशेष शिविर के समस्त क्रिया–कलाप सोत्साह रूप सकुशल सम्पन्न हुए। प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन मंगलमयी शुभकामनाओं के साथ किया।

कार्यालय प्राचार्य
रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अकबरपुर, अम्बेडकर नगर पिन–224122
उत्तर प्रदेश भारत
(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से सम्बद्ध)

Office of Principal
Ramabai Government Women PG College
Akbarpur Ambedkar Nagar
Pin-224122 Uttar Pradesh India
(Affiliated to Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya)
www.rgwpgc.org Phone No.05271-244197
email-principalrgwpgc@gmail.com
NAAC ACCREDITED-GRADE-B (2017-22)

पत्रांक: / Letter No: दिनांक: / Date:

# विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय में संचालित दोनों इकाइयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर (दिवा–रात्रि) दिनांक: 22 मार्च 2023 से 28 मार्च 2023 के मध्य आयोजित किया गया। इसमें दोनों इकाइयों से 100 छात्राओं ने भाग लिया। 22 मार्च 2023 से 28 मार्च 2023 के मध्य इकाई–एक की छात्राओं द्वारा ग्राम बरवाँ नासिरपुर एवं इकाई दो की छात्राओं द्वारा ग्राम–सुड़ारी में जन जागरण, साक्षरता, श्रमदान, हरियाली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य लक्ष्यों/कार्यों को सम्पादित किया गया। अपराह्न 02:00 से 04:00 बजे तक प्रतिदिन बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

1– 22 मार्च 2023 को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन श्री दुखराम कन्नौजिया, ग्राम प्रधान–अफजलपुर (सुड़ारी), अम्बेडकर नगर ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शिविर छात्राओं में सेवा की भावना का विकास करता है, अनुशासन सिखाता है, सेवा व्यक्ति को महान बनाती है और मानव कल्याण की तरफ अग्रसर करती है। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो0 शेफाली सिंह ने की। शिविरार्थी छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, नृत्य, लघु नाटिका, गायन आदि प्रस्तुत किया। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 भानु प्रताप राय ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर प्रो0 अरूण कान्त गौतम, प्रो0 अरविन्द कुमार वर्मा, श्री कुँवर संजय भारती, श्री रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 नन्दन सिंह, प्रो0 सुधा, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, प्रो0 शाहिद परवेज, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 पूनम, श्रीमती संगीता, श्रीमती वालेन्तिना प्रिया एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

2– 23 मार्च 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रभारी/कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में शिविरार्थी छात्राओं ने चयनित ग्रामों (बरवा नासिरपुर एवं सुड़ारी) में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार की। छात्राओं द्वारा लोगों से घर के मुखिया का नाम, परिवार में सदस्यों (महिला, पुरुष, बच्चे) की संख्या, उनकी शैक्षणिक योग्यता, उनके आय के साधन, गाँव में सरकारी सुविधाओं तक लोगों की पहुँच, स्वास्थ्य, विद्युत, आवास आदि की वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्र की गयी। दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी के अन्तर्गत महाविद्यालय के सभागार में ''लोकतंत्र, मतदाता जागरूकता एवं युवा विषय पर श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव (प्रभारी राजनीति विज्ञान विभाग) एवं श्री. चन्द्रभान असि0

प्रो0 राजनीति विज्ञान के द्वारा छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा जागरूकता से सम्बन्धित नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

3– 24 मार्च 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 भानु प्रताप राय के निर्देशन में चयनित ग्रामों– बरवा नासिरपुर एवं सुहारी में पर्यावरण एवं जल संरक्षण से सम्बन्धित जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें दोनों गावों के सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे पर्यावरण को सुरक्षित रखें क्योंकि पर्यावरण है तो हम हैं। साथ ही लोगों को जल संरक्षण के बारे में भी बताया गया। लोगों से आग्रह किया गया कि वे वर्षा जल का संरक्षण करें। पीने योग्य जल को अनावश्यक कार्यों में बरबाद न करें।

दूसरे सत्र के दौरान उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी की पुलिस अधिकारियों की टीम एवं आकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में 1090 की टीम ने शिविरार्थी छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं स्वावलम्बन विषय पर विस्तृत जानकारियाँ प्रदान कीं। महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090 और उसकी महत्ता को छात्राओं के सामने रखा। इसी सत्र में प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय की हिन्दी विभाग की अध्यक्षा प्रो0 सुधा ने "महिला सुरक्षा एवं स्वावलम्बन" विषय पर अपने उद्बोधन द्वारा शिविरार्थी छात्राओं को अपना शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर तृतीय सत्र में छात्राओं द्वारा नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

4– 25 मार्च 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के चौथे दिन साक्षरता अभियान चलाया गया। छात्राओं द्वारा ग्रामवासियों से आह्वान किया गया कि वे न सिर्फ स्वयं साक्षर बनें बल्कि अन्य लोगों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही निरक्षर लोगों के मध्य हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और यह आग्रह किया गया कि वे इसका निरन्तर अभ्यास करें तथा आने वाले समय में हस्ताक्षर ही करें। लोगों को बताया गया कि साक्षर होकर वे किस प्रकार सरकारी योजनाओं के बारे में जान सकते हैं एवं उनका लाभ उठा सकते हैं। द्वितीय सत्र में प्राचार्य की अध्यक्षता में "यातायात जागरूकता " विषय पर आयोजित संगोष्ठी में सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री बी0डी0 मिश्रा ने शिविरार्थी छात्राओं को यातायात के नियमों, सड़क सुरक्षा, हेल्पलाइन नम्बर, लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया आदि विभिन्न विषयों की जानकारियाँ प्रदान की। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों को जानकर एवं उनका पालन कर दुर्घटना से बचा जा सकता है। यातायात के विभिन्न संकेतों एवं उनके अर्थों के बारे में भी श्री मिश्रा ने छात्राओं को सूचनाएं प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के तीसरे सत्र के दौरान शिविरार्थी छात्राओं द्वारा दहेज प्रथा पर आधारित नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

5– 26 मार्च 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के पाँचवें दिन चयनित गाँवों में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के नारे लिखकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। लोगों को बताया गया कि किस प्रकार स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बचकर इलाज पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है। द्वितीय सत्र में प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में "योग एवं स्वास्थ्य" विषय पर पतंजलि योगपीठ के डॉ0 ज्योति प्रकाश ने अपने विचार साझा किये। इन्होंने योगाभ्यास, प्राणयाम तथा घरेलू नुस्खों के बारे में शिविरार्थी छात्राओं को विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। उन्होंने बताया "सब रोगों की एक दवाई, प्राणायाम करो भाई" । इस अवसर पर

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत शिविरार्थी छात्राओं ने नाटक, गीत, काव्य पाठ, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

6– 27 मार्च 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के छठें दिन चयनित ग्रामों बरवा नासिरपुर एवं सुल्हारी में पर्यावरण जागरूकता से सम्बन्धित अभियान चलाया गया। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में छात्राओं द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गयीं। द्वितीय सत्र के दौरान प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी के दौरान ''पर्यावरण जागरूकता'' विषय पर वनस्पति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ0 विजय प्रकाश सिंह एवं जन्तु विज्ञान के प्रवक्ता डॉ0 राजेश यादव ने अपने उद्बोधन से छात्राओं का ज्ञानवर्द्धन किया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण किस प्रकार हमारे लिए नितान्त आवश्यक है। उसके संरक्षण से ही हम स्वयं को संरक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। तृतीय सत्र में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा गीत–संगीत, नाटक, काव्य पाठ आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

7– 28 मार्च 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर की दोनों इकाइयों का समापन हुआ। प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण द्वारा समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, दहेज प्रथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। प्रो0 शेफाली सिंह ने छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। समापन सत्र का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। प्रभारी कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 भानु प्रताप राय ने सात दिन तक चले विशेष शिविर की पूरी दिनचर्या की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने छात्राओं से शिविर के दौरान हुए अनुभवों के बारे में पूछा। विभिन्न छात्राओं ने अपने अनुभव मंच के सम्मुख प्रस्तुत किया और इस बात का आश्वासन दिया कि वे शिविर के दौरान सीखी गयी बातों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगी तथा लोगों को भी राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के लक्ष्यों को सार्थक बनाने हेतु प्रेरित करेंगी।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरणानुसार 2022–23 में गठित दोनों इकाइयाँ राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति में वर्ष पर्यन्त कार्यरत रही। सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर के समस्त क्रिया–कलाप सोल्लास रूप से सकुशल सम्पन्न हुए। प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय (दिवा–रात्रि) विशेष शिविर का समापन मंगलमयी शुभकामनाओं के साथ किया।

(प्रो0 शेफाली सिंह)
प्राचार्य / संरक्षक
रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

(डॉ0 भानु प्रताप राय)
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–एक

G20 राष्ट्रीय सेवा योजना आज़ादी का अमृत महोत्सव

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

अकबरपुर- अम्बेडकर नगर (उ०प्र०)

सात दिवसीय विशेष शिविर (दिवा-रात्रि) चयनित ग्राम- बरवाँ नासिरपुर एवं सुहारी

वर्ष 2022-23

सम्मान्य महोदय/महोदया,

सादर सूच्य है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिवा-रात्रि) दिनांक- 22.03.2023 से 28.03.2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री दुखराम कनौजिया ग्राम प्रधान- अफजलपुर (सुहारी) अकबरपुर, अम्बेडकर नगर के कर कमलों द्वारा दिनांक-22.03.2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न होगा।

शिविर का समापन प्राचार्य द्वारा दिनांक-28.03.2023 को अपराह्न 01:00 बजे सम्पन्न होगा।

उक्त अवसरों पर तथा शिविर के प्रतिदिन की बौद्धिक एवं सामयिक संगोष्ठी में अपनी उपस्थिति से महाविद्यालय परिवार को अनुगृहीत कीजिएगा।

| डॉ० भानु प्रताप राय | डॉ० सीमा यादव | प्रो० शेफाली सिंह |
|---|---|---|
| प्रभारी/कार्यक्रम अधिकारी | कार्यक्रम अधिकारी | प्राचार्य/संरक्षक |
| रा०से०यो०-इकाई प्रथम | रा०से०यो०-इकाई दो | रा०से०यो० |

## रा०से०यो० बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम

| दिनांक/दिन | | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 22.03.2023, बुधवार | : | उद्घाटन |
| 23.03.2023, बृहस्पतिवार | : | लोकतंत्र : मतदाता जागरूकता एवं युवा |
| 24.03.2023, शुक्रवार | : | महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन |
| 25.03.2023, शनिवार | : | यातायात जागरूकता |
| 26.03.2023, रविवार | : | योग एवं स्वास्थ्य |
| 27.03.2023, सोमवार | : | पर्यावरण जागरूकता |
| 28.03.2023, मंगलवार | : | समापन समारोह |

प्रतिदिन ईकाई एक की शिविरार्थी छात्रायें चयनित ग्राम-बरवाँ नासिरपुर में एवं इकाई दो की छात्रायें ग्राम-सुहारी में प्रातः 09:00 बजे से 01:00 बजे तक जन-जागरण, स्वच्छता, साक्षरता मतदाता जागरूकता, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण एवं रा०से०यो० के अन्य मुख्य लक्ष्यों/कार्यों को सम्पादित करेंगी।

अपराह्न 02:00 बजे से 04:00 बजे तक बौद्धिक संगोष्ठी एवं रात्रि में 07:00 बजे से 09:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम शिविरार्थियों की दैनन्दिनी होगी।

08




"यातायात सड़क सुरक्षा" सप्ताह के दौरान एकलव्य स्टेडियम में प्रतिभाग करती रा० से० यो० की छात्रायें।



"कौमी एकता" सप्ताह के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्रायें।

(09)



"विश्व एड्स दिवस" के अवसर पर चयनित ग्रामों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्रायें।



10



विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर
दीप प्रज्जवलित करती प्राचार्य महोदया।



विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर
दीप प्रज्जवलित करते रा० से० यो० प्रभारी / कार्यक्रमाधिकारी
डॉ० भान प्रताप [illegible]। (12)



विशेष शिविर के दौरान सांस्कृतिक संध्या में
कार्यक्रम प्रस्तुत करती शिविरार्थी छात्रायें।



विशेष शिविर के दौरान निरीक्षण व वार्ता करते
रा० से० यो० जिला नोडल अधिकारी डॉ० बीरबल शर्मा।

(15)




विशेष शिविर के दौरान चयनित ग्रामों में
" आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण " तथा



"साक्षरता अभियान" चलाती शिविरार्थी छात्रायें ।

(16)




विशेष शिविर के दौरान चयनित ग्रामों में नारा लेखन करती शिविरार्थी छात्रायें।




(19)



विशेष शिविर के दौरान भोजन करती व पकाती शिविरार्थी छात्रायें।



(22)

# जल प्रबंधन पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोक भारती न्यूज ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। शनिवार को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा यादव के दिशा निर्देशन में लैंगिक संवेदनशीलता और जल प्रबंधन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया। साथ ही महिला और स्वास्थ्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता वर्मा, द्वितीय स्थान वान्या मौर्या एवं तृतीय स्थान अंशिका सक्सेना ने प्राप्त किया, निबंध प्रतियोगिता का परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। निर्णायक की भूमिका कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, संतोष कुमार एवं डा महेन्द्र यादव ने निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं का उन्नयन एवं विकास करते हैं तथा भविष्य के लिए प्रतिभा का निर्माण भी करते हैं। छात्राओं द्वारा इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डॉ सुधा, डा नंदन सिंह, डॉ अखिलेंद्र प्रताप सिंह, रवींद्र वर्मा, सीता पाण्डेय, चन्द्रभान सहित महाविद्यालय के समस्त सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

28

शनिवार • 26.11.2022
अमर उजाला 3

# नुक्कड़ नाटक से दिया कौमी एकता का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

## राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज से निकली जागरूकता रैली

अंबेडकरनगर। कौमी एकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को अकबरपुर नगर स्थित राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज से जागरूकता रैली निकली। सुहारी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को कौमी एकता के प्रति जागरूक भी किया गया।

रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्राचार्या डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारतीय संस्कृति समूचे विश्व में सबसे मजबूत है। यहां विभिन्न जाति-धर्म के लोग रहते हैं। एक-दूसरे के सुख-दुख में बढ़-चढ़कर शामिल होते हैं। इस परंपरा को मजबूत बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। रैली कॉलेज से निकलकर निरीक्षण भवन पोखरा, सुहारी, कांशीराम आवास से होकर वापस कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। इस बीच सुहारी में कौमी एकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ।

इसमें दिखाया गया कि किस तरह सभी जाति-धर्म के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख में भागीदारी करते हैं। इस दौरान डॉ. राजेश, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप व डॉ. नंदन आदि मौजूद रहे।

# सेवाभाव से महान बनता है व्यक्ति : प्रो शेफाली सिंह



संवाददाता

अंबेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री दुखराम कन्नौजिया, ग्राम प्रधान अफजलपुर ने किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के विशेष शिविर के माध्यम से छात्राओं में सेवा की भावना का विकास होता है। सेवा भाव व्यक्ति को महान बनाती है और मानव कल्याण की तरफ अग्रसर करती है साथ ही उन्होंने कहा बिना सेवा भाव के हम संपूर्णता प्राप्त नहीं कर सकते। छात्राएं पूरे मनोयोग से सप्तदिवसिय शिविर पूरा कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लें इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान दुखराम कन्नौजिया ने अपने गरिमामयी उद्बोधन से शिविरार्थी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और सप्तदिवसिय विशेष शिविर को लक्ष्य पूरा करने का संबल दिया। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय ने शिविर की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इकाई प्रथम की छात्रायें ग्राम बरवां नासिरपुर तथा इकाई दो की छात्राएं सुद्दारी में जनजागरण, स्वच्छता, साक्षरता, मतदाता जागरूकता, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण एवं रा.से.यो. के प्रमुख लक्ष्यों एवं कार्यों को संपादित करेंगी। साथ ही द्वितीय सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी एवं तृतीय सत्र में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उद्घाटन सत्र का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश कुमार यादव, मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, प्रो. शाहिद परवेज, डॉ मनोज गुप्ता, प्रो. सुधा, प्रो. अरूणकांत गौतम, डॉ. राजेश यादव, डॉ पूनम, डॉ. नन्दन सिंह, संगीता, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, वालेंटिना प्रिया, डॉ. अतुल कन्नौजिया, डॉ. महेंद्र यादव, डॉ कुंवर संजय भारती, डॉ. विजय प्रकाश सिंह, श्री चंद्रभान, सीता पांडेय, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव, आदि मौजूद रहे।

37

# रासेयो के तहत गांव में चलाया गया पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान

**अंबेडकरनगर।** महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव के निर्देशन में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा बरवां नासिरपुर एवं सुद्धरी गांव में पर्यावरण जागरूकता एवं जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इसमें समस्त ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे न सिर्फ खुद पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक हों बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छात्राओं ने बताया कि जागरूकता के आधार पर ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। छात्राओं ने लोगों से आग्रह किया कि न सिर्फ वे खुद, अपने घर व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाए एवं वर्षा के जल का संरक्षण करें। जागरूकता के आधार पर ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। जिस प्रकार से लगातार पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वह आने वाले समय के लिए काफी हानिकारक है। इसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण को लेकर सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सभी के संयुक्त सहयोग से ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है एवं जल की कमी को दूर किया जा सकता है । छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वे सड़क पर या गलियों में कूड़ा करकट न फेंकें। गन्ने की सूखी पत्ती न जलाएं। इससे पर्यावरण का क्षय होता है। शुक्रवार के द्वितीय सत्र में शिवांगी त्रिपाठी उप-निरीक्षक एवं आकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की पुलिस अधिकारियों की टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के विविध आयामों, मुश्किल परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे करें आदि विषयों पर विस्तृत जानकारियां दीं। साथ ही महाविद्यालय की हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर सुधा ने महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन विषय पर अपने ज्ञान एवं अनुभव साझा किए। छात्राओं से व्यावहारिक धरातल पर होने वाले शोषण, अन्याय आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां दीं एवं आज के समय में शोषण से कैसे बचें, स्वयं को कैसे सक्षम बनाएं आदि के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारियाँ दीं। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

46

# छात्राओं द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**अंबेडकर नगर।** महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा यादव के निर्देशन में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी गांव में पर्यावरण जागरूकता एवं जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इसमें समस्त ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे न सिर्फ खुद पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक हों बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छात्राओं ने बताया कि जागरूकता के आधार पर ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। छात्राओं ने लोगों से आग्रह किया कि न सिर्फ वे खुद, अपने घर व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाए एवं वर्षा के जल का संरक्षण करें। जागरूकता के आधार पर ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। जिस प्रकार से लगातार पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वह आने वाले समय के लिए काफी हानिकारक है।

इसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।पर्यावरण को लेकर सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सभी के संयुक्त सहयोग से ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है एवं जल की कमी को दूर किया जा सकता है। छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वे सड़क पर या गलियों में कूड़ा करकट न फेंकें। गन्ने की सूखी पत्ती न जलाएं। इससे पर्यावरण का क्षय होता है। आज के द्वितीय सत्र में शिवांगी त्रिपाठी (उप-निरीक्षक) एवं आकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की पुलिस अधिकारियों की टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के विविध आयामों, मुश्किल परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे करें आदि विषयों पर विस्तृत जानकारियां दीं। साथ ही महाविद्यालय की हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर सुधा ने महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन विषय पर अपने ज्ञान एवं अनुभव साझा किए। छात्राओं से व्यावहारिक धरातल पर होने वाले शोषण, अन्याय आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां दीं एवं आज के समय में शोषण से कैसे बचें, स्वयं को कैसे सक्षम बनाएं आदि के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारियाँ दीं । इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। संध्याकालीन तृतीय सत्र में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

(48)

# नियमों के पालन से कम होंगे हादसे: एआरटीओ

अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के चौथे दिन शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव के निर्देशन में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी गांव में साक्षरता अभियान चलाया गया। इसमें समस्त ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे न सिर्फ खुद साक्षर बनें बल्कि दूसरों को भी जागरूक करें। छात्राओं ने लोगों को हस्ताक्षर करना भी सिखाया। साथ ही शिविरार्थी छात्राओं मानवी, अंशिका, सुप्रिया, ज्योति, लक्ष्मी, आराधना आदि ने इस विषय पर नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरुक करने का भी प्रयास किया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के एआरटीओ वीडी मिश्रा ने शिविरार्थी छात्राओं को यातायात के नियमों, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारियाँ प्रदान की। उन्होंने बताया कि असावधानी एवं यातायात के नियमों का पालन न करने से ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रत्येक वर्ष मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य शास्ता ने कहा कि सभी लोगों को और खासकर युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करने की सबसे ज्यादा जरूरत है। संगोष्ठी का संचालन डा. सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। संध्याकालीन तृतीय सत्र में शिविरार्थी छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।


62

साथ 4से00 बजे भोर तक समा बा- शुक्रवार एवं सोमवार का दिन ... व्यक्त किया गया।

# हर रोग को अब तोड़ना है योग से नाता जोड़ना है----डॉ.ज्योति प्रकाश

रमाकांत पांडे ब्यूरो चीफ
बेनकाब भ्रष्टाचार

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पाँचवे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी डॉ. भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव की अगुवाई में बरवां नासिरपुर एवं सुडारी गांव में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही नारे लेखन का कार्य किया द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. ज्योति प्रकाश ने आयुर्वेद और योगा से जुड़ी जानकारी शिविरार्थी छात्राओं को दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद और योग स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, योग से शरीर को निरोगी रखा जा सकता है।योग नर्वस सिस्टम को कंट्रोल



करता है जिससे स्ट्रेस कम होता है। नर्वस शरीर के हर हिस्से को जोड़ती हैं, इसलिए शरीर के सही संचालन के लिए इनका मजबूत होना जरूरी है। साथ ही उन्होंने बताया कि सफल जीवन का मूल मंत्र है विकल्परहित संकल्प और अखण्ड प्रचण्ड पुरुषार्थ। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डला और छात्राओं से योग को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी।आज के तृतीय सत्र में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमे वर्तमान समय की समस्याओं व मुद्दों पर आधारित जागरूकता से संबंधित नाटक एवं संगीत प्रस्तुत किये जायेंगे।

58

# योग स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यकः डॉ.ज्योति

शाह टाइम्स संवाददाता

अंबेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पाँचवे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी डॉ.भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा यादव की अगुवाई में बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी गांव में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही नारे व लेखन का कार्य किया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ.ज्योति प्रकाश ने आयुर्वेद और योगा से जुड़ी जानकारी शिविरार्थी छात्राओं को दी। योग नर्वस सिस्टम को कंट्रोल करता है जिससे स्ट्रेस कम होता है।नर्व्स शरीर के हर हिस्से को जोड़ती हैं, इसलिए शरीर के सही संचालन के लिए इनका मजबूत होना जरूरी है। साथ ही उन्होंने बताया कि सफल जीवन का मूल मंत्र है विकल्परहित संकल्प और अखण्ड प्रचण्ड पुरुषार्थ संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महावि द्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्राओं से योग को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। आज के तृतीय सत्र में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें वर्तमान समय की समस्याओं व मुद्दों पर आधारित जागरूकता से संबंधित नाटक एवं संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

## सपा नेता ने किया शुभारंभ

**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के आलमपुर धर्मकांटे पर खुले ओम क्लासेज का रविवार को समाजस. वी महेश प्रसाद यादव ने शुभारंभ किया। संस्था के संचालक सचिन पटेल ने बताया कि कम शुल्क में गुणात्मक शिक्षा देना संस्था का उद्देश्य है। संस्था प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराएग। इस मौके पर आरिफ जैदी रमेश यादव और दिनेश यादव समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

57

# पर्यावरण रक्षा से ही होगी मानवता की सुरक्षा



अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी डॉ. भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव की अगुवाई में बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी गांव में पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया । द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक डॉ विजय प्रकाश सिंह एवं जंतु विज्ञान के प्राध्यापक डॉ राजेश यादव ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ शिविरार्थी छात्राओं को प्रदान की। डॉ विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि बेहतरीन जीवन के लिए हमें अपने पर्यावरण को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। जब वातावरण में गंदगी फैलती है तो उसे पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है। पर्यावरण प्रदूषण से कई तरह की बीमारियों और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पर्यावरण स्वच्छ हो या दूषित यह सभी मनुष्य और जीव-जंतुओं के जीवन को प्रभावित करता है। डॉ राजेश यादव ने बताया कि मनुष्य अपने स्वार्थ के चलते पेड़-पौधे की कटाई कर रहा है एवं प्राकृतिक संसाधनों से खिलवाड़ कर रहा है, जिसके चलते पर्यावरण को काफी क्षति पहुंच रही है। यही नहीं कुछ मानव निर्मित कारणों की वजह से वायुमंडल, जलमंडल आदि प्रभावित हो रहे हैं धरती का तापमान बढ़ रहा है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, जो कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है।

# पर्यावरण की सुरक्षा से होगी मानव की सुरक्षा-डा० सीमा यादव



अम्बेडकरनगर 27 मार्च । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी डॉण् भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉण् सीमा यादव की अगुवाई में बरवां नासिरपुर एवं सुडारी गांव में पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया । द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक डॉ विजय प्रकाश सिंह एवं जंतु विज्ञान के प्राध्यापक डॉ राजेश यादव ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ शिविरार्थी छात्राओं को प्रदान की। डॉ विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि बेहतरीन जीवन के लिए हमें अपने पर्यावरण को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। जब वातावरण मे गंदगी फैलती है तो उसे पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है। पर्यावरण प्रदूषण से कई तरह की बीमारियों और समस्याओं का सामना करना पडता है। पर्यावरण स्वच्छ हो या दूषित यह सभी मनुष्य और जीव,जंतुओं के जीवन को प्रभावित करता है। डॉ राजेश यादव ने बताया कि मनुष्य अपने स्वार्थ के चलते पेड़पौधे की कटाई कर रहा है एवं प्राकृतिक संसाधनों से खिलवाड़ कर रहा हैए जिसके चलते पर्यावरण को काफी क्षति पहुंच रही है। यही नहीं कुछ मानव निर्मित कारणों की वजह से वायुमंडल, जलमंडल आदि प्रभावित हो रहे हैं धरती का तापमान बढ़ रहा है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही हैए जो कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने पर्यावरण के संबंध में छात्राओं को अपने ज्ञान एवं अनुभव से शुभाशीष प्रदान किया। कल की सांस्कृतिक संध्या में माधवी, रिया, पल्लवी, कनीज, तुलसी आदि शिविरार्थी छात्राओं ने नाटक, गायन आदि में अपनी शानदार प्रस्तुति दी । आज के तृतीय सत्र में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें वर्तमान समय की समस्याओं व मुद्दों पर आधारित जागरूकता से संबंधित नाटक एवं संगीत प्रस्तुत किये जायेंगे।